बड़ा ही प्यारा लागे,
खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है,
खाटू वाले श्याम की महिमा,
बड़ी निराली है,
खाटू श्याम की दीवानी तो,
दुनिया सारी है,
बडा ही प्यारा लागे,
खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है।।

तर्ज कितना प्यारा तुझे रब।

मैंने सुना है कोई वहाँ से,
खाली नहीं आता,
श्याम के दर पर हर कोई प्रेमी,
झोली भर लाता,
उसके दर पर हार भी जाकर,
बन जाती है जीत,
हारे हुए का वो है सहारा,
दुखियों का है मीत,
सारी दुनिया में उनकी ही,
लखदातारी है,
खाटू श्याम की दीवानी तो,
दुनिया सारी है,
बडा ही प्यारा लागे,

खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है।।

डूबी हुई कश्ती को वो ही,
पार लगाता है,
हारे हुए प्राणी को केवल,
वो ही जिताता है,
जिसकी कहीं भी चली नहीं,
इसके दर पर चलती,
इसके दर पर भक्तों को,
सारी खुशिया मिलती,
हर कोई ही मानता इसकी,
साहूकारी है,
खाटू श्याम की दीवानी तो,
दुनिया सारी है,
बडा ही प्यारा लागे,
खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है।।

रस्ते के पत्थर को भी ये,
कोहिनूर बना दे,
ये चाहे तो एक ही पल में,
किस्मत को चमका दे,
जिसके सर पे हाथ ये रख दे,
सारे कष्ट मिटाए,
शर्मा हरपल केवल,
श्यामधणी की महिमा गाए,
तीन बाण का धारी और,

नीले की सवारी है,
खाटू श्याम की दीवानी तो,
दुनिया सारी है,
Bhajan Diary Lyrics,
बडा ही प्यारा लागे,
खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है।।

बड़ा ही प्यारा लागे,
खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है,
खाटू वाले श्याम की महिमा,
बड़ी निराली है,
खाटू श्याम की दीवानी तो,
दुनिया सारी है,
बडा ही प्यारा लागे,
खाटू वाला श्याम,
महिमा बड़ी निराली है।।

Singer Bhavna Swaranjali & Prashant Suryavanshi

Source:
https://www.bharattemples.com/bada-hi-pyara-laage-khatu-wala-shyam-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw